6203740042

विषय कोड : **322**
Subject Code : **322**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**H**

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2021
## (ANNUAL)

# POLITICAL SCIENCE ( ELECTIVE )
# राजनीति शास्त्र ( ऐच्छिक )
## I. A.

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.
3220119098

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 30 + 8 = 138
**Total No. of Questions : 100 + 30 + 8 = 138**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 32
**Total No. of Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidate must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*
5. *This question booklet is divided into two sections — **Section-A** and **Section-B**.*

6. **खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,** जिनमें **से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन** से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**

6. **In Section-A, there are 100 objective type questions**, out of which **any 50 questions are to be answered**. If more than 50 questions are answered, then only first 50 will be evaluated. Each question carries **1 mark**. Darken the circle with **blue / black ball pen** against the correct option on **OMR** Answer Sheet provided to you. **Do not use whitener / liquid / blade / nail etc. on OMR Answer Sheet, otherwise the result will be invalid.**

7. **खण्ड - ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं ।** प्रत्येक के लिए **2 अंक** निर्धारित है, जिनमें **से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं** । इनके अतिरिक्त इस खण्ड में **8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं,** प्रत्येक के लिए **5 अंक** निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं **4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**

7. In **Section - B**, there are **30 short answer type questions**, each carrying **2 marks**, out of which **any 15 questions are to be answered**. Apart from this, there are **8 long answer type questions**, each carrying **5 marks**, out of which any **4 questions are to be answered**.

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

8. Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है । अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें । आपको 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं ।** **50 × 1 = 50**

*Question Nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. You have to mark, your selected option, on the OMR sheet. Out of 100 questions any 50 questions are to be answered.* *50 × 1 = 50*

1. भारतीय योजना आयोग कब समाप्त कर दिया गया ?

(A) 1977 (B) 1980

(C) 2007 (D) 2014

When was the Planning Commission of India abolished ?

(A) 1977 (B) 1980

(C) 2007 (D) 2014

2. मैकमोहन रेखा कहाँ है ?

(A) जम्मू-कश्मीर में (B) अरुणाचल प्रदेश में

(C) उत्तर प्रदेश में (D) असम में

Where is the Mcmahon line ?

(A) In Jammu-Kashmir (B) In Arunachal Pradesh

(C) In Uttar Pradesh (D) In Assam.

3. देश में आन्तरिक गड़बड़ी के कारण संकटकालीन स्थिति की घोषणा कब हुई ?

(A) 1971 में (B) 1976 में

(C) 1975 में (D) 1977 में

When was the emergency situation declared due to internal disturbances in the country ?

(A) In 1971 (B) In 1976

(C) In 1975 (D) In 1977

4. संयुक्त राष्ट्र संघ के कितने अंग हैं ?

(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) छः

How many organs of the United Nations are there ?

(A) Two
(B) Three
(C) Four
(D) Six

5. संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वावधान में निःशस्त्रीकरण आयोग कब बना ?

(A) 1945 में
(B) 1952 में
(C) 1959 में
(D) 1966 में

When did the Disarmament Commission established under the auspices of t United Nations ?

(A) In 1945
(B) In 1952
(C) In 1959
(D) In 1966

6. अखिल भारतीय किसान काँग्रेस की स्थापना किसने की ?

(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) राजेन्द्र प्रसाद
(C) सरदार पटेल
(D) चौधरी चरण सिंह

Who established the All India Kisan Congress ?

(A) Jawaharlal Nehru
(B) Rajendra Prasad
(C) Sardar Patel
(D) Chaudhary Charan Singh

7. विश्व एड्स दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 1 दिसम्बर
(B) 10 दिसम्बर
(C) 24 दिसम्बर
(D) इनमें से कोई नहीं

When is World AIDS Day observed ?

(A) 1st December
(B) 10th December
(C) 24th December
(D) None of these

8. सर्वप्रथम किस राज्य में महिलाओं को पंचायतों में पचास प्रतिशत आरक्षण दिया गया है ?

(A) पश्चिम बंगाल (B) गुजरात

(C) बिहार (D) तमिलनाडु

In which state were women first given 50% reservation in Panchayats ?

(A) West Bengal (B) Gujarat

(C) Bihar (D) Tamil Nadu

9. ब्रेजनेव किस देश के राष्ट्रपति थे ?

(A) अमेरिका (B) इंगलैण्ड

(C) सोवियत संघ (D) चीन

Brezhnev was the President of which country ?

(A) America (B) England

(C) Soviet Union (D) China

10. प्रथम गुटनिरपेक्ष सम्मेलन के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) सुकर्णो

(C) अब्दुल नासिर (D) मार्शल टीटो

Who was the President of the first Non-Aligned Conference ?

(A) Jawaharlal Nehru (B) Sukarno

(C) Abdul Nasir (D) Marshall Tito

11. किसने कहा कि "राजनीति मूल्यों का प्राधिकृत विनिधान है जो किसी समाज में बाध्यकारी होते हैं" ?

(A) लास्की (B) डेविड ईस्टन

(C) जी०ए० आमण्ड (D) आर०जी० गेटेल

Who said that "politics is the authoritative allocation of values which are binding in a society" ?

(A) Laski (B) David Easton

(C) G.A. Almond (D) R.G. Gattell

12. प्राचीन युग में राज्य का क्या रूप था ?

(A) नगर-राज्य
(B) साम्राज्य
(C) राष्ट्र-राज्य
(D) पार-राष्ट्र राज्य

What was the form of state in ancient times ?

(A) City-state
(B) Empire
(C) Nation-state
(D) Trans-national state

13. किसे सत्ता का सिद्धान्तशास्त्री माना जाता है ?

(A) प्लेटो
(B) अरस्तू
(C) हाब्स
(D) हीगल

Who is regarded as power theorist ?

(A) Plato
(B) Aristotle
(C) Hobbes
(D) Hegel

14. 'पालिटिक्स' नामक पुस्तक का लेखक कौन है ?

(A) प्लेटो
(B) अरस्तू
(C) लासवेल
(D) लास्की

Who is the author of the book 'Politics' ?

(A) Plato
(B) Aristotle
(C) Lasswell
(D) Laski

15. किसने कहा कि "मुझे स्वतंत्रता दो या मुझे मार दो" ?

(A) सुकरात
(B) रूसो
(C) थामस जैफरसन
(D) एच०जे० लास्की

Who said "Give me liberty or give me death" ?

(A) Socrates
(B) Rousseau
(C) Thomas Jefferson
(D) H.J. Laski

16. किसने कहा कि "मनुष्य जन्म से स्वतंत्र है किन्तु हर जगह बेड़ियों में जकड़ा हुआ है" ?

(A) हॉब्स (B) लॉक

(C) रूसो (D) बर्लिन

Who said that "Man is born free, but he is everywhere in chains" ?

(A) Hobbes (B) Locke

(C) Rousseau (D) Berlin

17. निम्नलिखित में से कौन मार्क्सवादी विचारधारा से संबंधित नहीं है ?

(A) पूंजीवादी समाज (B) समाजवादी समाज

(C) वर्गविहीन समाज (D) वर्गविहिन एवं राज्यविहिन समाज

Which of the following is *not* related to Marxist ideology ?

(A) Capitalist society (B) Feudal society

(C) Classless society (D) Classless and stateless society

18. 'ए ग्रामर ऑफ पालिटिक्स' (A Grammar of Politics ) नामक पुस्तक का लेखक कौन है ?

(A) जे०एस० मिल (B) आर०एच० टौनी

(C) एल०डी० हाबहाउस (D) एच०जे० लास्की

Who is the author of the book 'A Grammar of Politics' ?

(A) J.S. Mill (B) R.H. Tawney

(C) L.D. Hobbhaus (D) H.J. Laski

19. भौतिक समानता का अर्थ है

(A) धार्मिक समानता (B) सामाजिक समानता

(C) वितरणात्मक समानता (D) वैधानिक समानता

Material equality means

(A) religious equality (B) social equality

(C) distributive equality (D) legal equality

20. किस सिद्धान्त के अनुसार वर्गविहीन समाज में ही न्याय उपलब्ध हो सकता है ?

(A) विधिशास्त्रवादी (B) मार्क्सवादी

(C) उदारवादी (D) लोकतान्त्रिक समाजवादी

Which theory holds that justice is possible only in a classless society ?

(A) Philosophical (B) Marxist

(C) Liberal (D) Democratic socialist

21. विकेन्द्रीकरण किस शासन की विशेषता है ?

(A) एकात्मक शासन (B) संघात्मक शासन

(C) सैनिक शासन (D) राजतंत्र

Decentralisation is a feature of which Government ?

(A) Unitary government (B) Federal government

(C) Military government (D) Monarchy

22. भारतीय संविधान की किस सूची पर केन्द्र और राज्य दोनों विधायिकाएँ कानून बना सकती हैं ?

(A) संघ सूची (B) राज्य सूची

(C) समवर्ती सूची (D) अवशिष्ट शक्तियाँ

On which list of the Constitution of India can both the Central and St legislatures legislate ?

(A) Union list (B) State list

(C) Concurrent list (D) Residual powers

23. दक्षेस का पहला सम्मेलन किस देश में हुआ ?

(A) भारत (B) बांग्लादेश

(C) पाकिस्तान (D) श्रीलंका

In which country was the first conference of SAARC held ?

(A) India (B) Bangladesh

(C) Pakistan (D) Sri Lanka

24. नगर निगम स्थापित होने के लिए कम से कम कितनी जनसंख्या आवश्यक है ?

(A) 3 लाख से अधिक (B) 4 लाख से अधिक

(C) 5 लाख से अधिक (D) 7 लाख से अधिक

What is the minimum population required for creation of a municipal corporation ?

(A) More than 3 lakhs (B) More than 4 lakhs

(C) More than 5 lakhs (D) More than 7 lakhs

25. भारतीय नागरिकता संशोधन अधिनियम, 1986 के अनुसार जो व्यक्ति पंजीकरण के माध्यम से भारतीय नागरिकता प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें अब भारत में कम से कम कितने वर्ष तक निवास करना होगा ?

(A) 6 माह (B) 5 वर्ष

(C) 7 वर्ष (D) 10 वर्ष

According to the Indian Citizenship Amendment Act, 1986, individuals who wish to obtain Indian citizenship through registration, must reside in India for at least how many years ?

(A) 6 months (B) 5 years

(C) 7 years (D) 10 years

26. हमारी नियोजन व्यवस्था किस विचारधारा पर आश्रित है ?

(A) उदारवाद (B) साम्यवाद

(C) लोकतांत्रिक समाजवाद (D) गांधीवाद

Which ideology is our planning system dependent on ?

(A) Liberalism (B) Communism

(C) Democratic Socialism (D) Gandhism

27. किस पंचवर्षीय योजना में 'गरीबी हटाओ कार्यक्रम' को विशेष स्थान दिया गया ?

(A) पहली पंचवर्षीय योजना (1951-1956)

(B) तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-1966)

(C) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1979)

(D) छठी पंचवर्षीय योजना (1980-1985)

In which five-year plan, the 'Poverty Eradication Programme' was given a speci place ?

(A) First five-year plan ( 1951-56 )

(B) Third five-year plan ( 1961-66 )

(C) Fifth five-year plan ( 1974-79 )

(D) Sixth five-year plan ( 1980-85 )

28. किस संविधान संशोधन के द्वारा नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया ?

(A) 72वाँ (B) 73वाँ

(C) 74वाँ (D) 75वाँ

By which constitutional amendment the urban local bodies are giv constitutional status ?

(A) 72nd (B) 73rd

(C) 74th (D) 75th

29. अनुसूचित जाति संघ की स्थापना किसने की ?

(A) मायावती (B) बी०आर० अम्बेदकर

(C) पंडित नेहरू (D) कांशीराम

Who founded the Scheduled Castes Association ?

(A) Mayawati (B) B.R. Ambedkar

(C) Pandit Nehru (D) Kanshiram

30. भारत के वर्तमान राष्ट्रपति का नाम क्या है ?

(A) रामनाथ कोविंद (B) मनमोहन सिंह

(C) सोनिया गाँधी (D) इनमें से कोई नहीं

What is the name of the present President of India ?

(A) Ramnath Kovind (B) Manmohan Singh

(C) Sonia Gandhi (D) None of them

31. प्राकृतिक न्याय का सिद्धान्त निम्नलिखित में से किस तत्व पर बल देता है ?

(A) विवेक
(B) आस्था या अन्ध विश्वास
(C) पुरानी परम्परा
(D) कानूनी दृष्टान्त

The idea of natural justice emphasizes on which of the following elements ?

(A) Reason
(B) Faith or blind trust
(C) Old tradition
(D) Legal precedent

32. न्याय व्यवस्था को सुरक्षित रखने में किस तत्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है ?

(A) दल प्रणाली
(B) स्वतन्त्र प्रेस व मीडिया
(C) प्रभावी विधिक व न्यायिक व्यवस्था
(D) लिखित संविधान

Which factor plays most important role in safeguarding the system of justice ?

(A) Party system
(B) Free press and media
(C) Effective legal and judicial system
(D) Written Constitution

33. निम्नलिखित में कौन-सा अधिकार अन्तःकरण की स्वतंत्रता पर बल देता है ?

(A) सामाजिक अधिकार
(B) राजनीतिक अधिकार
(C) आर्थिक अधिकार
(D) नैतिक अधिकार

Which of the following rights put emphasis on conscience ?

(A) Social right
(B) Political right
(C) Economic right
(D) Moral right

34. किसने कहा कि कानून के बल के बिना अधिकार एक शब्द की तरह है जिससे मनुष्य की कोई सुरक्षा नहीं हो सकती है ?

(A) टी०एच० ग्रीन
(B) थामस हॉब्स
(C) जॉन लॉक
(D) एडमण्ड बर्क

Who says that without the force of law, right is like a word that has no strength to secure a man at all ?

(A) T.H. Green
(B) Thomas Hobbes
(C) John Locke
(D) Edmund Burke

35. 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने कौन-सी घोषणा अपनायी ?

(A) मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा

(B) मानव व नागरिक के अधिकारों की घोषणा

(C) सामाजिक व राजनीतिक अधिकारों का अन्तरराष्ट्रीय अनुबन्ध

(D) पर्यावरण की सुरक्षा की घोषणा

Which declaration was adopted by the United Nations in 1948 ?

(A) Universal Declaration of Human Rights

(B) Declaration of the Rights of Man and Citizen

(C) International Covenant of Civil and Political Rights

(D) Declaration of Environmental Protection

36. अधिकारों की सामाजिक उपयोगिता का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(A) थामस हॉब्स (B) जॉन लॉक

(C) थामस हिल ग्रीन (D) एच०जे० लास्की

Who did propound the theory of social utility of rights ?

(A) Thomas Hobbes (B) John Locke

(C) Thomas Hill Green (D) H.J. Laski

37. अधिग्रहणयुक्त व्यक्तिवाद की अवधारणा किसके चिन्तन में निहित है ?

(A) हाब्स व ग्रीन (B) लॉक व बर्क

(C) हाब्स व लॉक (D) लास्की व बारकर

The concept of possessive individualism is implicit in whose ideas ?

(A) Hobbes and Green (B) Locke and Burke

(C) Hobbes and Locke (D) Laski and Burker

38. नागरिक गणतन्त्रवाद का सूत्र किसने प्रतिपादित किया ?

(A) अरस्तू (B) रूसो

(C) मार्शल (D) गिडिन्सं

Who propounded the perception of civic republicanism ?

(A) Aristotle (B) Rousseau

(C) Marshall (D) Giddens

39. 'नागरिक निष्क्रियवाद' पदबन्ध प्रतिपादित किया

(A) जुर्गेन हेबरमास ने (B) एन्थोनी गिडिन्स ने

(C) ब्रियां एस० टर्नर ने (D) टी०एच० मार्शल ने

The term 'Civic Passivism' was coined by

(A) Jurgen Habermas (B) Anthony Giddens

(C) Bryan S. Turner (D) T.H. Marshall

40. किसने कहा कि धर्म लोगों के लिए अफीम है ?

(A) मैकियावली (B) हॉब्स

(C) मार्क्स (D) प्रोधां

Who said that religion is the opium of the people ?

(A) Machiavelli (B) Hobbes

(C) Marx (D) Proudhon

41. विधान परिषद् के अध्यक्ष को क्या कहा जाता है ?

(A) सभापति (B) अध्यक्ष

(C) प्रधान (D) मुखिया

What is the President of the Legislative Council called ?

(A) Chairman (B) President

(C) Chief (D) Mukhiya

42. राज्य विधान मंडल में विधान परिषद् को जाना जाता है

(A) उच्च सदन (B) निम्न सदन

(C) बड़ा सदन (D) इनमें से कोई नहीं

The Legislative Council in the State Legislature is known as

(A) upper house (B) lower house

(C) big house (D) none of these

43. बिहार विधान परिषद् में सदस्यों की कितनी संख्या होती है ?

(A) 287 (B) 95

(C) 243 (D) 75

What is the number of members in Bihar Legislative Assembly ?

(A) 287 (B) 95

(C) 243 (D) 75

44. विधान सभा की बैठक में गणपूर्ति के लिए कम से कम कितने सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है ?

(A) 1/10 सदस्यों की या 10 सदस्यों की (B) 50 सदस्यों की

(C) 22 सदस्यों की (D) इनमें से कोई नहीं

At least how many members are required to attend for the quorum in the Vidhan Sabha meeting ?

(A) $\frac{1}{10}$ members or 10 members (B) 50 members

(C) 22 members (D) None of these

45. एक साल में विधान सभा के कितने अधिवेशन आवश्यक हैं ?

(A) 2 अधिवेशन (B) 4 अधिवेशन

(C) 5 अधिवेशन (D) इनमें से कोई नहीं

How many assembly sessions are required in a year ?

(A) 2 sessions (B) 4 sessions

(C) 5 sessions (D) None of these

46. मौलिक अधिकार का अभिरक्षक कौन है ?

(A) राष्ट्रपति (B) सर्वोच्च न्यायालय

(C) महाधिवक्ता (D) प्रधानमंत्री

Which is the protector of the fundamental rights ?

(A) President (B) Supreme Court

(C) Advocate General (D) Prime Minister

47. भारतीय न्यायपालिका किस प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्य करती है ?

(A) कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया (B) कानून की उचित प्रक्रिया

(C) न्यायपालिका द्वारा निर्मित प्रक्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

Under which process does the Indian judiciary function ?

(A) Procedure established by law (B) Due process of law

(C) Process created by judiciary (D) None of these

48. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति की आयु क्या है ?

(A) 65 वर्ष (B) 60 वर्ष

(C) 62 वर्ष (D) 67 वर्ष

What is the retirement age of a High Court Judge ?

(A) 65 years (B) 60 years

(C) 62 years (D) 67 years

49. भारतीय न्यायपालिका का शीर्ष न्यायालय कौन है ?

(A) उच्च न्यायालय (B) सर्वोच्च न्यायालय

(C) जिला न्यायालय (D) इनमें से कोई नहीं

Which is the highest court of Indian Judiciary ?

(A) High Court (B) Supreme Court

(C) District Court (D) None of these

50. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में भारत को 'राज्यों का संघ' घोषित किया गया है ?

(A) प्रथम अनुच्छेद (B) दसवाँ अनुच्छेद

(C) ग्यारहवाँ अनुच्छेद (D) पचासवाँ अनुच्छेद

In which Article of the Constitution of India, India has been declared a 'Union of States' ?

(A) First Article (B) Tenth Article

(C) Eleventh Article (D) Fiftieth Article

51. राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल क्या है ?

(A) 6 वर्ष (B) 9 वर्ष

(C) 5 वर्ष (D) 2 वर्ष

What is the tenure of the members of Rajya Sabha ?

(A) 6 years (B) 9 years

(C) 5 years (D) 2 years

52. दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करते हैं ?

(A) राष्ट्रपति (B) उप-राष्ट्रपति

(C) लोकसभा के अध्यक्ष (D) प्रधानमंत्री

Who presides over the joint sitting of both the houses ?

(A) President (B) Vice-President

(C) Speaker of the Lok Sabha (D) Prime Minister

53. नई अखिल भारतीय सेवाएँ स्थापित करने की दृष्टि से विशेष महत्व किसका है ?

(A) राज्य सभा के प्रस्ताव का (B) संसद के प्रस्ताव का

(C) लोक सभा के प्रस्ताव का (D) विधान सभाओं के प्रस्ताव का

Which has special importance in terms of setting up New all India services ?

(A) Proposal of Rajya Sabha (B) Proposal of Parliament

(C) Proposal of Lok Sabha (D) Proposal of Assemblies

54. प्राक्कलन समिति के सदस्य कौन होते हैं ?

(A) संसद के दोनों सदनों में से चुने जाते हैं (B) लोकसभा के सदस्यों में से चुने जाते हैं

(C) राज्य सभा के सदस्यों में से चुने जाते हैं (D) राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किये जाते हैं

Who are the members of the Estimates Committee ?

(A) Elected from both the houses of Parliament

(B) Elected from the members of Lok Sabha

(C) Elected from the members of Rajya Sabha

(D) Nominated by the President

55. विधान परिषद् के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष के लिए होता है ?

(A) 3 वर्ष (B) 6 वर्ष

(C) 5 वर्ष (D) 7 वर्ष

How many years is the tenure of the members of the legislative council ?

(A) 3 years (B) 6 years

(C) 5 years (D) 7 years

56. विधान परिषद् का सदस्य निर्वाचित होने के लिए कितनी उम्र आवश्यक है ?

(A) 18 वर्ष (B) 25 वर्ष

(C) 21 वर्ष (D) 30 वर्ष

What age is required to be elected as a member of the legislative council ?

(A) 18 years (B) 25 years

(C) 21 years (D) 30 years

57. भारतीय संविधान में समवर्ती सूची की प्रेरणा कहाँ से ली गई ?

(A) अमेरिका (B) स्विट्ज़रलैंड

(C) आस्ट्रेलिया (D) पूर्व सोवियत संघ

Where did the inspiration for concurrent list in the Constitution of India come from ?

(A) America (B) Switzerland

(C) Australia (D) Former Soviet Union

58. निम्न में से कौन संघ सूची का एक विषय है ?

(A) पुलिस (B) रक्षा

(C) न्याय (D) फौजदारी विधि और प्रक्रिया

Which of the following is the subject of Union List ?

(A) Police (B) Defence

(C) Justice (D) Criminal law and procedure

59. 42वें संविधान संशोधन द्वारा समवर्ती सूची में कौन से विषय जोड़े गए ?

(A) जनसंख्या नियंत्रण (B) सार्वजनिक स्वास्थ्य

(C) जेल (D) फौजदारी विधि

Which subject was added to the concurrent list by the 42nd Constitution Amendment ?

(A) Population control (B) Public health

(C) Jail (D) Criminal law

60. भारतीय संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसके पास हैं ?

(A) राज्यों के पास (B) केन्द्र एवं राज्य दोनों के पास

(C) केन्द्र के पास (D) किसी के पास नहीं

The residual powers are vested in which organ of the Indian Federation ?

(A) States have (B) Centre and States both have

(C) Centre has (D) None of these

61. शीत युद्ध के दौरान जर्मनी का एकीकरण किस वर्ष में हुआ ?

(A) दिसम्बर 1989 (B) सितम्बर 1990

(C) अक्टूबर 1990 (D) जनवरी 1991

The which year the unification of Germany occurred during cold war ?

(A) December 1989 (B) September 1990

(C) October 1990 (D) January 1991

62. संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रथम महासचिव कौन थे ?

(A) ट्रिगिव लाई (B) यू थांट

(C) बी०बी० घाली (D) कोफी अन्नान

Who was the first Secretary General of UNO ?

(A) Trygve Lie (B) U. Thant

(C) B.B. Ghali (D) Kofi Annan

63. ताशकंद समझौता कब हुआ था ?

(A) 1964 (B) 1965

(C) 1966 (D) 1967

When was Tashkent Agreement signed ?

(A) 1964 (B) 1965

(C) 1966 (D) 1967

64. सर्वोच्च न्यायालय ने किस महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि कोई भी संवैधानिक संशोधन द्वारा हमारे मौलिक अधिकारों में कोई कटौती नहीं की जा सकती है ?

(A) बेला बनर्जी केस 1955 (B) गोलकनाथ केस 1967

(C) केशवानन्द भारती केस 1973 (D) मण्डल केस 1992

In which leading case the Supreme Court ruled that no constitutional amendment could be made to curtail the scope of Fundamental Rights ?

(A) Bela Banerji Case 1955

(B) Golak Nath Case 1967

(C) Keshavanand Bharti Case 1973

(D) Mandal Case 1992

65. संविधान के किस संशोधन द्वारा मौलिक कर्त्तव्यों को जोड़ा गया ?

(A) 1951 का पहला संविधान संशोधन (B) 1971 का 24वाँ संविधान संशोधन

(C) 1976 का 42वाँ संविधान संशोधन (D) 1978 का 44वाँ संविधान संशोधन

Fundamental duties to the Constitution were added by which constitutional amendment ?

(A) First Constitutional Amendment of 1951

(B) 24th Constitutional Amendment of 1971

(C) 42nd Constitutional Amendment of 1976

(D) 44th Constitutional Amendment of 1978

66. देश की रक्षा करना का कर्तव्य किस कोटि में आता है ?

(A) मौलिक अधिकार (B) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त

(C) मौलिक कर्त्तव्य (D) इनमें से कोई नहीं

To which of the following categories, belongs the duty of defending the country

(A) Fundamental Rights

(B) Directive Principles of State Policy

(C) Fundamental Duties

(D) None of these

67. चुनाव अंक (कोटा) निकाल कर मतों की गणना किस प्रणाली के अन्तर्गत की जाती है ?

(A) साधारण बहुमत प्रतिनिधित्व प्रणाली (B) स्पष्ट बहुमत प्रतिनिधित्व प्रणाली

(C) संचयी मत प्रणाली (D) आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली

In which system the votes are counted after drawing the electoral quota ?

(A) Simple majority representation system

(B) Clear majority representation system

(C) Cumulative vote system

(D) Proportional representation system

68. 'कैबिनेट के मेहराब की आधारशिला' किसे कहा गया है ?

(A) राष्ट्रपति (B) प्रधानमंत्री

(C) राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री (D) राज्यपाल

Who is regarded as the 'conner stone of the cabinet arch'?

(A) President (B) Prime Minister

(C) President and Prime Minister (D) Governor

69. राज्यों के शासन में किसे केन्द्र का अभिकर्त्ता कहा जाता है ?

(A) राष्ट्रपति (B) प्रधानमंत्री

(C) राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री (D) राज्यपाल

Who is regarded as the agent of the centre in the state governments ?

(A) President (B) Prime Minister

(C) President and Prime Minister (D) Governor

70. राज्य सभा की सदस्यता के लिए कितनी न्यूनतम आयु निर्धारित है ?

(A) आयु 25 वर्ष से कम न हो (B) आयु 30 वर्ष से कम न हो

(C) आयु 21 वर्ष से कम न हो (D) आयु 35 वर्ष से कम न हो

What is the minimum age for membership of Rajya Sabha ?

(A) Age should not be less than 25 years

(B) Age should not be less than 30 years

(C) Age should not be less than 21 years

(D) Age should not be less than 35 years

71. किस विचारक ने युद्ध को क्रूर अनिवार्यता कहा ?

(A) मैकियावली (B) हीगल

(C) मुसोलिनी (D) ग्रीन

Who calls war a cruel necessity ?

(A) Machiavelli (B) Hegel

(C) Mussolini (D) Green

72. किसने कहा कि शान्ति कायरों का सपना है ?

(A) हिटलर (B) मुसोलिनी

(C) लेनिन (D) माओ

Who says that Peace is a dream of the cowards ?

(A) Hitler (B) Mussolini

(C) Lenin (D) Mao

73. अन्तरराष्ट्रीय शान्ति तथा सुरक्षा बनाये रखने हेतु 1920 में किस संगठन की स्थापना हुई ?

(A) संयुक्त राष्ट्रसंघ (B) राष्ट्रसंघ

(C) अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन (D) अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय

Which organisation was set up in 1920 for maintaining international peace and security ?

(A) United Nations Organisation

(B) League of Nations

(C) International Labour Organisation

(D) International Court of Justice

74. अन्तरराष्ट्रीय अणु ऊर्जा अभिकरण की स्थापना कब हुई ?

(A) 1956 (B) 1957

(C) 1958 (D) 1959

When was International Atomic Energy Agency established ?

(A) 1956 (B) 1957

(C) 1958 (D) 1959

75. भारत में प्रथम आम चुनाव कब हुआ था ?

(A) 1949 (B) 1950

(C) 1951 (D) 1952

When was first general election held in India ?

(A) 1949 (B) 1950

(C) 1951 (D) 1952

76. भारत में नई आर्थिक नीति की शुरुआत कब हुई ?

(A) 1989 (B) 1991

(C) 1992 (D) 1993

When was New Economic Policy in India started ?

(A) 1989 (B) 1991

(C) 1992 (D) 1993

77. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ?

(A) 1945
(B) 1950
(C) 1953
(D) 1956

When was UNO set up ?

(A) 1945
(B) 1950
(C) 1953
(D) 1956

78. अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ अवस्थित है ?

(A) जेनेवा
(B) बर्लिन
(C) न्यूयार्क
(D) हेग

Where is the headquarters of International Court of Justice situated ?

(A) Geneva
(B) Berlin
(C) New York
(D) The Hague

79. गुट-निरपेक्ष देशों का प्रथम शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?

(A) नई दिल्ली
(B) काहिरा
(C) हवाना
(D) बेलग्रेड

Where was the first summit of Non-Aligned countries organized ?

(A) New Delhi
(B) Cairo
(C) Havana
(D) Belgrade

80. किस वर्ष में पश्चिमी राष्ट्रों ने NATO की स्थापना की ?

(A) 1947
(B) 1948
(C) 1949
(D) 1950

In which year was NATO established by the Western Nations ?

(A) 1947
(B) 1948
(C) 1949
(D) 1950

81. क्षेत्रीय दलों के शक्तिशाली होने से भारत में संघवाद का कौन-सा प्रतिमान उभर रहा है ?

(A) एकात्मक संघवाद
(B) सौदेबाजी वाला संघवाद
(C) सहकारी संघवाद
(D) इनमें से कोई नहीं

Which pattern of federalism has emerged in India due to the rise of powerful regional parties ?

(A) Unitary federalism
(B) Bargain federalism
(C) Cooperative federalism
(D) None of these

82. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संसद को राज्य सूची के किसी विषय पर विधान बनाने की शक्ति देता है ?

(A) अनुच्छेद 115
(B) अनुच्छेद 183
(C) अनुच्छेद 221
(D) अनुच्छेद 249

Which Article of the Constitution gives Parliament the power to legislate on any subject of the State List ?

(A) Article 115
(B) Article 183
(C) Article 221
(D) Article 249

83. लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सुझाव निम्नलिखित में से किसने दिया ?

(A) राजमन्नार समिति
(B) बलवन्तराय मेहता समिति
(C) अशोक मेहता समिति
(D) चन्दा समिति

Which of the following suggested the democratic decentralization ?

(A) Rajamannar Committee
(B) Balwantrai Mehta Committee
(C) Ashok Mehta Committee
(D) Chanda Committee

84. बलवन्तराय मेहता समिति ने निम्नलिखित में से किस अंग को अधिक शक्तिशाली बनाने का सुझाव दिया ?

(A) ग्राम पंचायत
(B) पंचायत
(C) पंचायत समिति
(D) जिला परिषद्

The Balwantrai Mehta Committee suggested which of the following organs to make powerful ?

(A) Village Panchayat
(B) Panchayat
(C) Panchayat Samiti
(D) Zilla Parishad

85. 73वें संविधान संशोधन द्वारा 11वीं अनुसूची में पंचायती राज संस्थाओं को कितने कार्य सौंपे गये हैं ?

(A) 97

(B) 66

(C) 47

(D) 29

How many functions have been assigned to Panchayati Raj institutions in the Eleventh Schedule by the 73rd Constitution Amendment ?

(A) 97

(B) 66

(C) 47

(D) 29

86. 73वें संविधान संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में कौन-सी अनुसूची जोड़ी गई है ?

(A) 9वीं अनुसूची

(B) 10वीं अनुसूची

(C) 11वीं अनुसूची

(D) 12वीं अनुसूची

Which Schedule has been added to the Constitution of India by the 73rd Constitution Amendment ?

(A) 9th Schedule

(B) 10th Schedule

(C) 11th Schedule

(D) 12th Schedule

87. यदि राज्य सभा किसी संविधान संशोधन विधेयक पर लोक सभा से असहमत हो, तो क्या विकल्प है ?

(A) संशोधन विधेयक पारित नहीं माना जायेगा

(B) संयुक्त बैठक द्वारा निर्णय होगा

(C) दो-तिहाई बहुमत से लोक सभा द्वारा पारित

(D) लोक सभा को राज्य सभा के प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार है

If Rajya Sabha disagrees with the Lok Sabha on a Constitution Amendment bill, what is the alternative ?

(A) The amendment bill will not be considered passed

(B) Decision will be made by joint meeting

(C) Passed by Lok Sabha by two-third majority

(D) The Lok Sabha has the right to reject the proposal of Rajya Sabha

88. संयुक्त राज्य अमेरिका में कुल कितने राज्य हैं ?

(A) 49 (B) 50

(C) 51 (D) 52

How many states are there in United States of America ?

(A) 49 (B) 50

(C) 51 (D) 52

89. जर्मनी का एकीकरण कब हुआ ?

(A) 1988 (B) 1989

(C) 1990 (D) 1991

When did Unification of Germany take place ?

(A) 1988 (B) 1989

(C) 1990 (D) 1991

90. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत वित्तीय आपातकाल लगाया जाता है ?

(A) अनुच्छेद 352 (B) अनुच्छेद 356

(C) अनुच्छेद 360 (D) अनुच्छेद 364

Under which Article of the Constitution of India can Financial Emergency b clamped ?

(A) Article 352 (B) Article 356

(C) Article 360 (D) Article 364

91. भारत-चीन युद्ध किस वर्ष हुआ ?

(A) 1971 (B) 1982

(C) 1972 (D) 1962

In which year did the India-China war take place ?

(A) 1971 (B) 1982

(C) 1972 (D) 1962

92. भारतीय विदेश नीति का आधार क्या है ?

(A) विश्व शान्ति (B) शान्ति सह अस्तित्व

(C) पंचशील (D) इनमें से सभी

What is the basis of Indian Foreign Policy ?

(A) World peace (B) Peace co-exist

(C) Panchsheel (D) All of these

93. परम्परागत सुरक्षा नीति के कौन-कौन से तत्व हैं ?

(A) शक्ति संतुलन
(B) गठबंधन की राजनीति
(C) सामूहिक सुरक्षा
(D) इनमें से सभी

What are the elements of traditional security policy ?

(A) Power balance
(B) Coalition politics
(C) Collective security
(D) All of these

94. किसने कहा, ''स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है'' ?

(A) सरदार पटेल
(B) भगत सिंह
(C) तिलक
(D) चन्द्रशेखर आजाद

Who said "freedom is our birthright" ?

(A) Sardar Patel
(B) Bhagat Singh
(C) Tilak
(D) Chandrashekhar Azad

95. संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा बंदी व्यक्तियों को संवैधानिक अधिकार दिये गये हैं ?

(A) अनुच्छेद 22 द्वारा
(B) अनुच्छेद 23 द्वारा
(C) अनुच्छेद 33 द्वारा
(D) अनुच्छेद 38 द्वारा

By which Article of the Constitution, captives or detained persons have been given the Constitutional right ?

(A) By Article 22
(B) By Article 23
(C) By Article 33
(D) By Article 38

96. भारत में किस तरह की कार्यपालिका है ?

(A) नाममात्र की कार्यपालिका
(B) वास्तविक कार्यपालिका
(C) बहुल कार्यपालिका
(D) इनमें से सभी

What kind of executive is there in India ?

(A) Nominal executive
(B) Real executive
(C) Multiple executive
(D) All of these

97. भारतीय संसद के उच्च अथवा द्वितीय सदन का क्या नाम है ?

(A) लोक सभा (B) राज्य सभा

(C) विधान परिषद् (D) सर्वोच्च न्यायालय

What is the name of the Upper or Second House of the Indian Parliament ?

(A) Lok Sabha (B) Rajya Sabha

(C) Vidhan Parishad (D) Supreme Court

98. लोक सभा में बिहार के सांसदों की कितनी संख्या है ?

(A) 40 (B) 85

(C) 13 (D) 25

What is the number of MPs from Bihar in Lok Sabha ?

(A) 40 (B) 85

(C) 13 (D) 25

99. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार राष्ट्रपति दो आंग्ल-भारतीयों को लोक सभा में मनोनीत कर सकता है ?

(A) अनुच्छेद 361 (B) अनुच्छेद 313

(C) अनुच्छेद 331 (D) अनुच्छेद 133

According to which Article of the Constitution, can the President nominate two Anglo-Indians in the Lok Sabha ?

(A) Article 361 (B) Article 313

(C) Article 331 (D) Article 133

100. साधारण विधेयक को राज्य सभा कितने दिनों तक रोक सकती है ?

(A) 3 माह तक (B) 8 माह तक

(C) 7 माह तक (D) 6 माह तक

For how many days can the Rajya Sabha delay the ordinary bill ?

(A) Up to 3 months (B) Up to 8 months

(C) Up to 7 months (D) Up to 6 months

## खण्ड - ब / SECTION - B

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय हैं । किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है । अधिकतम 40 - 60 शब्दों में उत्तर दें । $15 \times 2 = 30$**

*Question Nos. 1 to 30 are Short Answer Type. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Answer in not more than 40 - 60 words.* $15 \times 2 = 30$

1. नक्सलवाद क्या है ? 2

   What is Naxalism ?

2. संविधान एवं संविधानवाद में क्या अन्तर है ? 2

   What is the difference between constitution and contitutionalism ?

3. निर्वाचन व्यवस्था में चार सुधार बताएँ । 2

   State *four* reforms in the election system.

4. संयुक्त राष्ट्रसंघ के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखें । 2

   Write any *two* objectives of the United Nations.

5. बन्दी प्रत्यक्षीकरण क्या है ? 2

   What is Habeas Corpus ?

6. राष्ट्रपति की विधायी शक्तियाँ क्या हैं ? 2

   What is legislative powers of the President ?

7. दबाव समूह से आप क्या समझते हैं ? 2

   What do you mean by Pressure Group ?

8. भूमण्डलीकरण क्या है ? 2

   What is Globalisation ?

2

9. विश्व व्यापार संगठन क्या है ? 2

What is World Trade Organisation ?

10. आर्थिक न्याय क्या है ? 2

What is economic justice ?

11. बहुदलीय व्यवस्था क्या है ? 2

What is multi-party system ?

12. प्रत्यक्ष प्रजातंत्र के दो गुणों का उल्लेख करें । 2

Point out *two* merits of Direct Democracy.

13. कानून के दो स्रोतों का उल्लेख करें । 2

Point out *two* sources of law.

14. न्याय क्या है ? 2

What is justice ?

15. अधिकार को परिभाषित करें । 2

Define right.

16. धन विधेयक क्या है ? 2

What is money bill ?

17. धर्म निरपेक्षवाद का क्या अर्थ है ? 2

What does secularism mean ?

18. सम्प्रभुता क्या है ? 2

What is Sovereignty ?

19. भारतीय विदेश नीति के तीन अनिवार्य कारक बताइये । 2

Explain three essential factors of foreign policy of India.